**आकाशवाणी शिमला**

**24.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया–घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने का लिया फैसला।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने एक संयुक्त बयान में कहा–भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने की रची साजिश।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए अग्रसर।
- होली पर्व पर प्रदेश के बाजारों में रौनक–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।

## प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय–डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालाँकि प्रत्येक मामले के आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने एक संयुक्त बयान में भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के बागी विधायकों के भाजपा की सदस्यता लेने से ये बात स्पष्ट हो गई है कि इस पूरे षडयंत्र के पीछे भाजपा नेताओं का ही हाथ था। उन्होंने कहा कि भाजपा की शह पर ही बागियों ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की साजिश की थी। नेताओं ने कहा कि भाजपा का चेहरा और चरित्र प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रभाव में आकर ही बागी नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के विरूद्ध मतदान किया। नेताओं ने कहा कि इन विधायकों ने प्रदेश के इतिहास में अवसरवादी राजनीति का एक काला अध्याय जोड़ दिया है जिसके लिए प्रदेश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने अपने छोटे कार्यकाल में ही चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों में से 5 को पूरा कर दिया है। मंत्रियों ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव और उपचुनाव में प्रदेश के मतदाता धन बल की राजनीति को करारा जवाब देंगे।

## बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने होली पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्व है। उन्होंने आशा जताई कि यह त्योहार भाईचारे की भावना को सुदृढ़ कर देश की एकता तथा अखण्डता को और मज़बूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि होली उत्सव को हर संप्रदाय व धर्म के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को

और मज़बूत बनाने में सहायता मिलती है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि स्नेह और सदभाव के रंगों से सजा ये पारम्परिक पर्व लोगों के जीवन में नई उर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

## तपेदिक दिवस

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को तेज करने के लिए हर वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों, किडनी, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क को प्रभावित करता है। इस वर्ष टीबी दिवस की विषयवस्तु है हां हम टीबी खत्म कर सकते हैं। आज ही के दिन 18 सौ 82 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के लिए जिम्मेदार जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की पहचान की थी। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे क्षय रोग को नियंत्रित करने की चुनौतियों के बारे में लोग जागरूक हो सकेंगे।

## स्वास्थ्य मंत्रालय

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है।

## जागरूकता कार्यक्रम

मतदान के महत्व और जागरूकता को लेकर मिशन–414 के तहत आज चम्बा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र सालोह में '**स्वीप**' कार्यक्रम के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लें ताकि मजबूत लोकतंत्र का निर्माण किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता व अन्य लोग जो मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है वे अपना पंजीकरण मतदाता सूची में 4 मई तक अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले केन्द्रों में मिशन–414 के तहत विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशतता को बढ़ाया जा सके। इस मौके पर उपस्थित सभी स्थानीय लोगों ने दीवार पर मतदाता हस्ताक्षर करके लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मतदान करने की शपथ भी ली।

## होली

रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा। होली को लेकर देश सहित प्रदेश में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रंग–बिरंगे गुलाल और तरह–तरह की पिचकारियों से बाजार गुलजार हैं। शिमला जिले में इस बार आर्गेनिक और हर्बल कलर

के रंगों की बहुत ज्यादा मांग है। व्यापारियों का कहना है कि लोगों में होली को लेकर काफी उत्साह है। इस बीच सोलन जिले के बाजारों में भी होली को लेकर खूब रौनक देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बार वे होली मनाने के लिए आर्गेनिक रंग का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**कुल्लू होली**

इस बीच कुल्लू में आज होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हर गली–मोहल्ले के लोग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ टोली बनाकर एक दूसरे के घरों में गाते बजाते हैं और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। दोपहर बाद लोग भगवान रघुनाथ के मंदिर में गए और उन पर गुलाल चढ़ाया। हालांकि कुल्लू में होली की शुरूआत बसंत पंचमी से होती है और लगातार 40 दिनों तक रोज़ शाम के समय भगवान रघुनाथ जी पर गुलाल चढ़ाया जाता है। इस उत्सव का आज 40वां दिन है और रात के समय भगवान रघुनाथ जी को उनके मंदिर से लाया जाएगा। इस दौरान होलिका दहन की रस्म पूरी की जाएगी। कुल्लू में होली होलिका दहन से पहले मनाई जाती है और इसके पश्चात कुल्लू में लोग रंगों से नहीं खेलते हैं। जिले के अन्य भागों में भी लोगों ने अपने–अपने अराध्य देवी देवताओं के समक्ष नत मस्तक होकर उन पर गुलाल चढ़ाकर शीष नवाया।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। शिमला में एक प्रैस बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और देश को दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए काम कर रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में कांग्रेस की स्थिति दयनीय है। इनके बड़े नेता देश सहित हिमाचल में चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के कारण प्रदेश में कांग्रेस की ये हालत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई पदाधिकारी झूठी गारंटियों और सरकार से नाराजगी को लेकर पार्टी से पहले ही किनारा कर चुके हैं। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री को झूठी बयानबाजी करने के बजाय प्रदेश के विकास पर ध्यान देने की सलाह भी दी।

**मॉक ड्रिल**

आपदा प्रबंधन को लेकर कांगड़ा जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों में 4 अप्रैल को मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। जिलाधीश हेमराज बेरवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में सभी उपमंडलाधिकारियों, शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा व प्रारंभिक शिक्षा को इसके आयोजन को लेकर दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधीश ने बताया कि कांगड़ा जिला में 04 अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे। इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि आपदा की स्थिति में नुक्सान को कम किया जा सके।